दिन – सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 26/05/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत बनाने के लिए एक सौ चालीस करोड़ भारतीय जी जान से जूटे हुए है। गुजरात के दाहोद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह आवश्यक हो गया है कि देश की तरक्की के लिए जो कुछ भी चाहिए उसे हम भारत में ही बनाए। श्री मोदी ने कहा कि स्मार्ट फोन से लेकर खिलौने, गाड़िया और अस्त्र–शस्त्र तक आज भारत बना रहा है और दुनिया के देशों को निर्यात भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल की भावना को जन भावना बनाए जाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने लोगों से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा कि यही भविष्य में हमारी ताकत बनेगा।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने कार्यकाल के ग्यारह वर्ष पूरे कर लिए हैं। आज ही के दिन वर्ष दो हजार चौदह में श्री मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार शपथ ली थी। यह देश के आधुनिक राजनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ था क्योंकि इसने भारत में गठबंधन की राजनीति के तीस वर्ष के युग को समाप्त कर दिया। वर्ष दो हजार चौदह के आम चुनाव में लोगों ने भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट और निर्णायक जनादेश दिया था।

————————————————————————

आतंकवाद के खिलाफ भारत के रूख को दुनिया के सामने रखने के लिए भारत का सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर है। जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दक्षिण कोरिया पहुंचा। इस प्रतिनिधिमंडल ने कोरियाई नेशनल एसेंबली की राष्ट्रीय रक्षा समिति के अध्यक्ष सुंग इल

जोंग से मुलाकात की। संजय झा ने कहा कि बातचीत सार्थक रही और दक्षिण कोरिया ने आतंक के खिलाफ भारत की कार्रवाई का समर्थन किया है।

———————————————————————————

केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज कुमार चौधरी ने कहा है कि भारत–नेपाल सीमा पर बड़ी भंसाल चालू करने में आ रही बाधाओं को दूर कर लैंड कस्टम चालू किया जायेगा। श्री चौधरी पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर में कस्टम अधिकारियो के साथ बैठक के  बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि नेपाल की तरफ कस्टम कार्यालय में टेस्टिंग लैब अभी तक नही लग पाया है। इस कारण से लैंड कस्टम का काम चालू नही हो सका है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी कर्मियों को दूर कर लिया जायेगा।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने आज किशनगंज, पूर्णिया, अररिया और कटिहार जिले में एक–दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, लखीसराय, नवादा, बेगूसराय, पटना, नालंदा समेत राज्य के दक्षिण–मध्य भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की आशंका जताई है।

———————————————————————————

पटना में कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए एहतियाती उपाय किए जा रहे है। लोगों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पटना के आईजीआईएमएस समेत सभी अस्पतालों में लोगों को माइकिंग के जरिए सुरक्षित दूरी बनाए रखने, मास्क पहनने और भीड़–भाड़ से बचने की सलाह दी जा रही है।

———————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में वट सावित्री पूजा का पर्व पारम्परिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। आज के दिन महिलाएं पती की लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य के

लिए पूजा–अर्चना करती हैं। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि महिलाएं विभिन्न स्थानों पर वट वृक्ष की पूजा–अर्चना कर सुरक्षा धागा बांध रही हैं।

—————————————————————————

अररिया जिले के जोकिहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस की जांच अभियान में ढ़ाई हजार लीटर विदेशी शराब जब्त की गई है। इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

—————————————————————————

मधेपुरा जिले के उदाकिशुनगंज में राजकीय उच्च पथ संख्या इक्यानवे पर एक अनियंत्रित कार ने एक बच्चे को रौंद दिया। हादसे में बच्चे की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने घंटों सड़क जाम लगाकर प्रदर्शन किया।

—————————————————————————

समाप्त